**भारत सरकार**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**
**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग**

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार; इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अन्तर्गत एक स्वायत्त निकाय, राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान (एनआईएलडी) कोलकाता में निदेशक के पद के लिए नीचे दिये गये विवरणानुसार आवेदन आमन्त्रित करता है:–

| | |
|---|---|
| 1. पद का नाम | :निदेशक – श्रेणी "क" |
| 2. भर्ती की पद्धति | :प्रतिनियुक्ति / अल्पकालीन संविदा पर |
| 3. रिक्ति की संख्या | :01 (एक) |
| 4. वेतनमान | :पे बैंड–4, 37400–67000 / – + ग्रेड पे 8700 रूपये<br>स्तर 13 (1,23,100–2,15,900 रूपए) |
| 5. आयु सीमा | :अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष है, जिसकी गणना आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि के अनुसार की जाएगी। |
| 6. पात्रता मानदंड | : |

**प्रतिनियुक्ति के लिए:**

**(क)** केन्द्रीय / राज्य सरकार / विश्वविद्यालयों / मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं / सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम / अर्धसरकारी / स्वायत्त / संविधिक संगठन के अन्तर्गत अधिकारीगण

(i) शारीरिक दिव्यांगताओं के पुनर्वास के क्षेत्र में नियमित आधार पर धारित समकक्ष पद।

**या**

(ii) वेतन मैट्रिक्स में स्तर 12 में धारित पद और साथ में शारीरिक दिव्यांगता के पुनर्वास के क्षेत्र में पाँच वर्ष की नियमित सेवा।

**या**

(iii) वेतन मैट्रिक्स में स्तर 11 में धारित पद और साथ में शारीरिक दिव्यांगता के पुनर्वास के क्षेत्र में 8 वर्ष की नियमित सेवा

**और**

**(ख) निम्नलिखित अर्हताएं रखने वाला:–**

(1) अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएँ

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से शारीरिक आयुर्विज्ञान (मेडिकल) और पुनर्वास (पीएमआर) या आर्थोपेडिक्स या बायो–मेडिकल इंजीनियरिंग में 55 प्रतिशत अंकों या समकक्ष ग्रेड के साथ स्नातकोत्तर डिग्री।

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से प्रोस्थेटिक्स एंड आर्थोटिक्स (पी एण्ड ओ)/व्यावसायिक (ओक्यूपेशनल) थेरेपी (ओटी)/फिजियोथेरेपी (पीटी) में 55 प्रतिशत अंकों या समकक्ष ग्रेड के साथ स्नातकोत्तर उपाधि।

(2) **वांछनीय अर्हताएँ/अनुभव**

(i) संबंधित क्षेत्र में पी–एच.डी.

(ii) पुनर्वास कार्य के क्षेत्र में अनुसंधान और प्रकाशित शोध पत्रों का अनुभव

<u>अल्पकालीन संविदा के लिए:–</u> प्रतिनियुक्ति के लिए और ऊपर (ख) (1) और (2) के अन्तर्गत यथानिर्धारित आवश्यक और वांछनीय अर्हताएँ और अनुभव समान रहेंगे और साथ में शारीरिक दिव्यांगताओं के पुनर्वास के क्षेत्र में 10 वर्ष का कार्य अनुभव हो।

**सामान्य शर्तें:**

1. प्रतिनियुक्ति समय–समय पर यथासंशोधित प्रतिनियुक्ति के नियमों के अनुसार शासित होगी।

2. प्रारम्भ में दो वर्षों की अवधि के लिए नियुक्ति की जाएगी, निष्पादन की समीक्षा के पश्चात् वार्षिक आधार पर इसे 5 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

3. आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्राप्त हुए या अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. कृपया विभाग/संगठन आवेदन अग्रेषित करते समय यह सुनिश्चित करे कि पद के लिए इच्छुक अधिकारी को, उनका चयन हो जाने के मामले में, बाद में, अपनी उम्मीदवारी वापिस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

5. केवल छांटे गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी को, तथापि, बिना कारण बताए रिक्ति को निरस्त या वापिस लेने का अधिकार है। निर्धारित प्रपत्र में सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन जिसके साथ पिछले पांच वर्ष की एसीआर/एपीआर, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और सतर्कता निकासी (जहां लागू हो) सहित <u>प्रशंसा–प्रमाणपत्रों/प्रमाणपत्र</u> संलग्न हो, एम्पलॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में विज्ञापन की तारीख से 45 दिन के भीतर उचित माध्यम से डॉ. प्रबोध सेठ, संयुक्त सचिव, कमरा सं. 528, पांचवा तल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ काम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली –110003 के पास पहुँच जाना चाहिए।

मृत्युंजय झा
उप सचिव, भारत सरकार

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

एनआईएलडी, कोलकाता के निदेशक के पद के लिए आवेदन प्रोफार्मा

**प्रतिनियुक्ति / संविदा आधार पर आवेदन.............................**

कृपया हाल का पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएँ

1. नाम और पता (बड़े अक्षरों में): दूरभाष/मोबाईल नम्बर सहित
2. पिता का नाम:
3. जन्म तिथि (ईस्वी सन् में):
4. सेवा–निवृत्ति की तारीख (जहां लागू हो)
5. (क) आवश्यक शैक्षिक अर्हताएँ:

| धारित शैक्षिणिक अर्हताएं | बोर्ड / विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण–वर्ष | प्रतिशतता / समकक्ष ग्रेड | अवधि | मुख्य विषय (विषय) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

(ख) वांछनीय शैक्षिणिक अर्हताएँ और अनुभव

(i) शैक्षिक अर्हताएँ:
(ii) अनुभव:
(iii) प्रकाशित शोधपत्र:

6. नवीनतम से शुरू करके कालक्रमानुसार रूप से रोजगार का विवरण। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो कृपया अपने हस्ताक्षर सहित विधिवत प्रमाणित अलग सीट संलग्न करें।

| संगठन | धारित पद / पदनाम | से | तक | वेतनमान / परिलब्धियाँ | कर्त्तव्य (ड्यूटी) की प्रकृति (सविस्तार) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

6. वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात् तदर्थ या अस्थायी या स्थायी या अन्य
_______________________________________________

7. वर्तमान में प्रतिमाह प्राप्त होने वाली कुल परिलब्धियाँ

8. वर्तमान रोजगार के संबंध में अतिरिक्त विवरण। कृपया उल्लेख करें कि किसके अन्तर्गत सेवारत है (सम्बद्ध कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम दर्शाएं)

(क) केन्द्रीय सरकार
(ख) राज्य सरकार
(ग) स्वायत्त संगठन
(घ) सरकारी उपक्रम
(ङ.) विश्वविद्यालय
(च) अन्य

9. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है, तो कृपया उल्लेख करें–
(क) प्रारम्भिक नियुक्ति की तारीख ........................................................................
(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की तारीख..........................................
(ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम, जिससे आप संबंधित हैं....

10. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई है, जिसका उल्लेख आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में करना चाहेंगे..........................................................................
................

11. कृपया उपर्युक्त के संदर्भ में आपके द्वारा की गई प्रविष्टियों के आलोक में स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि क्या आप पद की निर्धारित शर्तों को पूरा करते हैं: हाँ/नहीं..........................................

12. क्या आप अनु जा./अनु जन जा./अ.पि.व./दिव्यांगजन से संबंधित हैं .....................

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं वचन देता हूँ कि उपर्युक्त दी गई जानकारी/प्रस्तुत विवरण मेरी अधिकतम जानकारी के अनुसार सही है।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

तारीख.................

पता..........................................
.............................................

<u>नियोक्ता/अग्रेषण करने वाले प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाण पत्र</u>

प्रमाणित किया जाता है कि वर्तमान में इस विभाग/संगठन में-----------------से------------------ के रूप में कार्य कर रहे श्री/श्रीमती/कुमारी----------------के खिलाफ कोई सतर्कता/अनुशासनात्मक मामला लंबित नहीं है और न ही चलाए जाने का कोई विचार है।

2. इनकी निष्ठा संदेह से परे प्रमाणित है।

3. पिछले 10 वर्षों के दौरान श्री/श्रीमती/कु.-----------पर कोई बड़ी या छोटी शास्ति नहीं लगाई गयी ।

4. पिछले 5 वर्षो की एसीआर/एपीएआर की अभिप्रमाणित प्रतियां संलग्न हैं।

स्थानः

दिनांकः (नियोक्ता का मुहर के साथ हस्ताक्षर)